## <u>प्रेस रिलीज</u>

## साहित्य अकादेमी की पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा 18 नवम्बर को
## सच्चिदानंद जोशी करेंगे अकादेमी की पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन

16 नवंबर 2020, नई दिल्ली | राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर को साहित्य अकादेमी हर वर्ष मनाती है | हर साल की तरह इस बार भी साहित्य अकादेमी राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के मौके पर अकादेमी के प्रकाशनों की एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है | पुस्तकों की यह प्रदर्शनी साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, प्रथम तल, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी |

साहित्य अकादेमी की पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन हिंदी के प्रख्यात लेखक और इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी करेंगे. उद्घाटन बुधवार, 18 नवंबर 2020 को सायं 4 बजे होगा | 18 से 27 नवंबर 2020 तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में साहित्य अकादेमी की पुस्तकें विशेष छूट पर साहित्यप्रेमी पाठकों के लिए उपलब्ध होंगी. प्रदर्शनी हर दिन पूर्वाह्न 10 बजे से शाम 6 बजे तक पुस्तकों की बिक्री के लिए खुली रहेगी |

उद्घाटन के अवसर पर साहित्य अकादेमी के सचिव सहित कई प्रतिष्ठित साहित्यकार मौजूद होंगे |

के. श्रीनिवासराव